Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय – 7 | साखियाँ, सबद (कबीर)

QUIZ PART-01

1. **कबीर का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**
   A. 1398, मगहर
   B. 1518, काशी
   C. 1398, काशी.
   D. 1518, वाराणसी (C)

*व्याख्या :* कबीर का जन्म सन् 1398 में काशी में हुआ था।

2. **कबीर की मृत्यु कहाँ हुई थी?**
   A. वाराणसी
   B. दिल्ली
   C. मगहर
   D. अयोध्या (C)

*व्याख्या :* कबीर की मृत्यु सन् 1518 में मगहर में हुई थी।

3. **'मानसरोवर' का प्रतीकार्थ क्या है?**
   A. एक साधारण तालाब
   B. मन रूपी सरोवर
   C. जीवन का अंत
   D. तपस्या (B)

*व्याख्या :* 'मानसरोवर' का प्रतीक मन रूपी सरोवर है, जिसमें शांति और ज्ञान का जल भरा है।

4. **हंस अन्य कहीं क्यों नहीं जाना चाहता?**
   A. सुविधा के चलते
   B. परम आनंद के कारण
   C. मोती चुगने के कारण
   D. अडिच्छा के कारण (C)

*व्याख्या :* हंस मोती चुगने के कारण वहीं रहना चाहता है।

5. **'प्रेमी ढूँढ़त मैं फिरौं' पंक्ति में 'प्रेमी' किसे खोज रहा है?**
   A. कवि
   B. भक्त
   C. प्रभु
   D. गुरु (C)

*व्याख्या :* यहाँ 'प्रेमी' प्रभु को खोज रहा है, सच्चा प्रेम उसी से जुड़ा है।

6. **'हस्ती चढ़ाए ज्ञान कौ' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**
   A. उपमा
   B. अनुप्रास
   C. उत्प्रेक्षा
   D. रूपक (D)

*व्याख्या :* इसमें 'हस्ती' और 'ज्ञान' के माध्यम से रूपक अलंकार का प्रयोग हुआ है।

7. **'स्वान रुप संसार है' में 'स्वान' का अर्थ क्या है?**
   A. साधु
   B. कुत्ता
   C. मूर्ख व्यक्ति
   D. पाप (B)

*व्याख्या :* 'स्वान' का अर्थ है कुत्ता, जो व्यर्थ भौंकता है।

8. **'पखापखी' का अर्थ क्या है?**
   A. झगड़ा
   B. कष्ट
   C. संकट
   D. पक्ष–विपक्ष (D)

*व्याख्या :* 'पखापखी' का अर्थ है पक्ष–विपक्ष, जिससे लोग भ्रमित रहते हैं।

9. **'निर्पख होइके हरि भजै' में संत को कैसा बताया गया है?**
   A. ज्ञानी और सुजान
   B. गरीब और सहनशील
   C. विद्रोही और कठोर
   D. भक्त और साधु (A)

*व्याख्या :* यहाँ संत को 'सुजान' यानी ज्ञानी और चतुर कहा गया है।

10. **'ज्ञान का महत्त्व' कबीर की साखियों में किस रूप में सामने आता है?**
    A. भौतिक संपत्ति के रूप में
    B. सांसारिक सुखों के रूप में
    C. आत्मिक उन्नति के साधन के रूप में
    D. दिखावे के रूप में (C)

*व्याख्या :* कबीर की साखियों में ज्ञान को आत्मिक उन्नति और सच्चे मार्ग का साधन माना गया है।

DESH KA APNA SCHOOL